राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

‘डॉक्टर्स डे ईव’ कार्यक्रम में शहीद चिकित्सकों को दी श्रद्धांजलि

कोरोनाकाल में चिकित्सकों की सेवा समाज के लिए मिसाल– राज्यपाल

जयपुर, 30 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि कोरोना के इस विकट दौर में जिन चिकित्सकों ने अपनी जान तक की परवाह नहीं की, वे पूरे समाज के लिए मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों ने इस दौर में मानवता की जो सेवा की है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

राज्यपाल श्री मिश्र प्राइवेट हॉस्पिटल्स एण्ड नर्सिंग होम्स सोसायटी तथा महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एण्ड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित ‘डॉक्टर्स डे ईव’ कार्यक्रम में ऑनलाइन सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कोरोना काल में अहर्निश सेवाएं देते शहीद हुए चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों को श्रद्धानमन अर्पित करते हुए कहा कि जीवन ईश्वर प्रदत्त है परन्तु इस जीवन को बचाने का कार्य डॉक्टर ही करते हैं। राज्यपाल ने मरीजों के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले राजस्थान के 79 चिकित्सकों की पुण्यात्मा की शांति तथा उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना भी की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि चिकित्सक बगैर किसी भेदभाव के जीवन बचाने का पवित्र कार्य करते हैं और कोरोना महामारी में भी चिकित्साकर्मियों की सेवाएं शानदार रही हैं। उन्होंने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की पूर्व संध्या पर भारत रत्न डॉ. बी.सी. रॉय को याद करते हुए कहा कि उन्होंने बंगाल के मुख्यमंत्री रहते हुए भी चिकित्सा सेवा के अपने कार्य को कभी नहीं छोड़ा।

महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एण्ड टेक्नोलॉजी के एमेरिटस चेयरपर्सन डॉ. एम.एल. स्वर्णकार ने अपने सम्बोधन में कहा कि कोरोना की इस चुनौती से मुकाबला करने के लिए हमें लगातार कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करना चाहिए। उन्होंने तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए पूर्व तैयारियों पर भी बल दिया।

कोविड आपदा में मरीजों को बचाने के लिए जीवन न्योछावर करने वाले प्रदेश के चिकित्सकों को कार्यक्रम के दौरान भावनात्मक संगीतमय श्रद्धांजलि दी गई तथा इन चिकित्सकों के प्रति उनके परिजनों के श्रद्धांजलि संदेश भी प्रसारित किए गए।

कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मिश्र ने उपस्थितजनों को संविधान की उद्देशियका और मूल कर्तव्यों का वाचन भी करवाया।

कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल, प्राइवेट हॉस्पिटल्स एण्ड नर्सिंग होम्स सोसायटी के प्रेसिडेण्ट डॉ. संजय आर्य, सचिव डॉ. विजय कपूर, महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एण्ड टेक्नोलॉजी के चेयरपर्सन डॉ. विकास सी. स्वर्णकार एवं प्रेसिडेण्ट डॉ. सुधीर सचदेव, डॉ. अतुल पुरोहित एवं डॉ. जितेन्द्र मक्कड़ सहित गणमान्य जन ऑनलाइन उपस्थित रहे।

————